38
लाख करोड़ के आए निवेश प्रस्तावों में 15 के भूमि पूजन जल्द

112
की क्षमता विकास कर उसे आधुनिक बनाया जाएगा।

57 साइबर थाने सरकार यूपी के विभिन्न जिलों में शुरू करेगी

विकास को लगेंगे नए पंख

राजधानी लखनऊ और आसपास के छह शहरों को मिलाकर 27826 वर्ग किमी में बनेगा एससीआर।

प्रदेश सरकार छह शहरों में सौ नई टाउनशिप बनाने जा रही है, जो सभी आधुनिक सुविधाओं के साथ देश दुनिया में अपनी नई छाप छोड़ेंगी।

■ यूपी को नए साल में मिलेंगी ढेर सारी सुविधाएं ■ राज्य सरकार की योजनाओं के साथ राजधानी की सूरत भी चमकेगी

एक्सप्रेसवे से लेकर उद्योगों की सौगात मिलेगी

लखनऊ, विशेष संवाददाता। नए साल में यूपी के लोगों को ढेर सारी सुविधाएं मिलने वाली हैं। नए एक्सप्रेसवे, हाईवे, मेडिकल कालेज, से लेकर नई औद्योगिक परियोजनाओं की सौगात मिलेगी। यूपी का सबसे बड़ा गंगा एक्सप्रेसवे इस साल के आखिरी तक बन कर तैयार हो जाएगा तो वहीं गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे भी जनता के लिए इस साल खोल दिया जाएगा। 38 लाख करोड़ रुपये के आए निवेश प्रस्तावों में कम से कम 15 लाख करोड़ के निवेश परियोजनाओं के लिए भूमि पूजन साल 2024 के शुरूआत में कराने की तैयारी है। माना जा रहा है कि योगी सरकार फरवरी के आखिरी हफ्ते या मार्च के पहले हफ्ते ग्राउंड ब्रेकिंग सेरमनी करवा सकती है। इसमें प्रधानमंत्री को आमंत्रित किया जाएगा।

दिसंबर 2024 तक पूरा हो जाएगा गंगा एक्सप्रेसवे :मेरठ से प्रयागराज तक तेजी से बन रहे गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य दिसंबर 2024 तक पूरा करने का टारगेट रखा गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि साल 2025 के जनवरी में होने वाले प्रयागराज कुंभ शुरू होने से पहले इसे जनता के लिए खोल दिया जाए। इससे पहले गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे की सौगात भी जनता को मिल जाएगी

एक्सप्रेसवे पर इस साल खूब फर्राटा भरेंगे इलेक्ट्रिक व्हीकल

आगरा- लखनऊ एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसेवे व पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर नए साल में ईवी वाहन बिना किसी बाधा के रफ्तार पकड़ेंगे। यहां उनकी सुविधा के लिए फास्ट चार्जिंग स्टेशन बन कर तैयार हो जाएंगे। जिससे वाहन चालक अपना ईवी आराम से चार्ज करा बिना बाधा यहां अपना सफर पूरा कर सकेंगे।

सरकार नए साल में लोगों की आवासीय समस्याओं का समाधान कराने जा रही है। मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण नए शहर प्रोत्साहन योजना के तहत 100 टाउनशिप प्राधिकरणों द्वारा बसाया जाएगा। विकास प्राधिकरणों को राज्य सरकार द्वारा पैसा दिया जाएगा। वे जमीन खरीदते हुए आवासीय योजना लाने का काम शुरू करेंगे।

इस साल बनना शुरू होगा नया शहर

झांसी जिले के 33 गांवों को शामिल करके बने बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) अब नए शहर के लिए जमीन अधिग्रहण का काम नए साल में शुरू करेगा। इस पर निर्माण कार्य साल के अंत शुरू हो जाने की संभावना है। जमीन अधिग्रहीत कर उस पर औद्योगिक टाउनशिप स्थापित की जाएगी।

राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के कई शहरों को जोड़ने वाले हाईवे के साथ आंतरिक सड़कों को भी सुधारा जाएगा।

होली पर मुफ्त मिलेगा उज्ज्वला गैस सिलेंडर

योगी सरकार उज्जवला योजना के लाभार्थियों को मुफ्त में एक एलपीजी सिलेंडर की सौगात होली पर देगी। दिवाली पर एक सिलेंडर पहले ही दिया जा चुका है।

2024 में भी होगी मोटो जीपी रेस

ग्रेटर नोएडा में साल 2024 में भी मोटो जीपी रेस का आयोजन होगा। साल 2023 में पहली बार शुरू हुए इस आयोजन से यूपी की दुनिया भर में ब्रांडिंग हुई।

सौ छोटे शहरों में तैनात किए जाएंगे सीएम फैलो

सरकार 20 हजार से एक लाख की आबादी वाले 100 छोटे शहरों को आकांक्षी नगर योजना से सुविधायुक्त बनाने के लिए इस साल सीएम फैलो तैनात करेगी।

नदियों में चलते दिखेंगे स्टीमर और जहाज

यूपी 2024 में वाटरवे हाईवेज वाला राज्य भी बनेगा। अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण अब काम शुरू करेगा। नदियों में नाव और स्टीमर के साथ ही पानी के जहाज चलते हुए नजर आएंगे।